भोले तेरी माया अजब निराली है

भोले तेरी माया अजब निराली है,
अजब निराली है,
हे शिव शम्भू भोले शंकर,
नाम जपू नित तेरा बन कर,
भोले तेरी माया.....

भोले तेरे दर पे आस लेके आया हूँ,
किस्मतों का मारा मैं विश्वास लेके आया हूँ,
किस्मतो की डोर अब तेरे ही सहारे है,
अंधरे भी ओझल तेरे नाम से उजाले है,
भोले तेरी माया......

तू ही है धरम मेरा तू ही है करम मेरा तू ही है किनारा, .
तू ही है सहारा तू ही है हमारा देव,
तेरे ही जाप से कटते पाप मेरे तू ही है किनारा,
तू ही है सहारा तू ही है हमारा देव...

भोले तेरे नाम से मेरी ये कहानी है,
तेरी कृपा से रोशन मेरी ज़िंदगानी है,
तेरी ही कृपा से रोशन मेरा ये जहाँ है,
तेरी ही कृपा ना हो तो मैं कुछ कहाँ हों,
भोले तेरी माया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28296/title/bhole-teri-maya-ajab-nirali-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |